प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित


फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



टीएमसी के बाग़ियों ने दिलाई एनसीपीआई की चर्चा पेज- 2

ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर घायल पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 176 | बुधवार 17 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## भवानीपुर की हार को ममता बनर्जी ने दी चुनौती, कलकत्ता हाईकोर्ट में खुद याचिका दायर करने पहुंचीं

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव परिणाम को कलकत्ता हाई कोर्ट में चुनौती दी है। मंगलवार को वह अचानक हाई कोर्ट पहुंचीं, जहां उन्होंने चुनाव परिणाम से संबंधित याचिका के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद डेरेक ओश्ब्रायन, राज्यसभा सांसद डोला सेन तथा सांसद कल्याण बनर्जी भी मौजूद रहे। भवानीपुर विधानसभा सीट पर इस बार बेहद दिलचस्प और चर्चित





मुकाबला देखने को मिला था। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच सीधी टक्कर हुई थी। चुनाव प्रचार के दौरान दोनों दलों ने इस सीट को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था, जिसके चलते पूरे राज्य की नजरें इस मुकाबले पर टिकी थीं। मतगणना के बाद भवानीपुर सीट पर भाजपा उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी विजयी घोषित किए गए थे। उन्होंने ममता बनर्जी को 15,104 वोटों के अंतर से हराया था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी को 73,917 वोट मिले, जबकि ममता बनर्जी के खाते में 58,812 वोट आए। इस मुकाबले में माकपा उम्मीदवार श्रीजीब विश्वास तीसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 3,556 मत प्राप्त हुए। ममता बनर्जी द्वारा चुनाव परिणाम को अदालत में चुनौती दिए जाने के बाद अब इस मामले पर कानूनी प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजनीतिक हलकों में इस कदम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भवानीपुर सीट लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ मानी जाती रही है। अब सभी की नजरें हाई कोर्ट की आगामी सुनवाई और उसके फैसले पर टिकी हैं।

# जी 7 में ट्रंप ने उड़ाई इजराइल की धज्जियां

## नेतन्याहू को लगाई फटकार, बोले-दोस्ती अपनी जगह, लेकिन...

(एजेंसी) मास्को। फ्रांस में चल रहे ळ7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। ट्रंप ने जी7 शिखर सम्मेलन के मंच से अपने सबसे करीबी सहयोगियों में गिने जाने वाले इजराइल की जमकर धज्जियां उड़ाईं और नेतन्याहू को सार्वजनिक मंच पर खरी–खोटी सुना डाली। कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी के साथ बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि नेतन्याहू को लेबनान के मुद्दे पर अधिक जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह लेबनान में इजरायल की कुछ सैन्य कार्रवाइयों से खुश नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौते की घोषणा से कुछ घंटे पहले बेरूत पर इजरायली हमले उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं आए। उन्होंने कहा, मैंने इजरायल को यह बात बता भी दी थी। मुझे वह हमला बिल्कुल अच्छा नहीं लगा।



यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि ट्रंप प्रशासन को अब तक नेतन्याहू सरकार का सबसे मजबूत समर्थक माना जाता रहा है।लेबनान में भ्प्रइवससी के खिलाफ जारी सैन्य अभियान पर ट्रंप ने कहा कि बहुत ज्यादा लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी एक व्यक्ति की तलाश में हर बार पूरी अपार्टमेंट बिल्डिंग गिराने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि उन इमारतों में रहने वाले सभी लोग हिजबुल्लाह के सदस्य नहीं होते। ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने इजरायल को सुझाव दिया था कि लेबनान में हिजबुल्लाह से निपटने की जिम्मेदारी देनी चाहिए। उनके अनुसार, मुझे लगता है कि सीरिया यह काम बेहतर तरीके से कर सकता है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी है कि लेबनान पर कोई नया इजरायली हमला या वहां कब्जा बनाए रखना अमेरिका–ईरान अंतरिम समझौते का उल्लंघन माना जाएगा। ईरान का कहना है कि युद्ध समाप्त होने का मतलब दक्षिणी लेबनान में इजरायली सैन्य उपस्थिति का अंत भी होना चाहिए। ट्रंप ने इस मौके पर कतर की भी जमकर प्रशंसा की और कहा कि अमेरिका–ईरान समझौते को अंतिम रूप देने में कतर ने साहसिक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कतर के अमीर को अपना ष्स्थायी मित्रष बताया। विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप का यह बयान संकेत देता है कि अमेरिका अब लेबनान में बढ़ते संघर्ष और नागरिक हताहतों को लेकर इजरायल पर कुछ संयम बरतने का दबाव बना सकता है। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि वह अब भी इजरायल की सुरक्षा का समर्थन करते हैं और ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे।

## भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा ट्रंप के साथ उठाएं प्रधानमंत्री : प्रियंका गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ तीन भारतीय नाविकों की मौत का विषय उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री फ्रांस और स्लोवाकिया की एक हफ्ते की यात्रा पर हैं। वह फ्रांस में जी–7 सम्मेलन के संपर्क सत्र में हिस्सा लेंगे। उनका जी–7 सम्मेलन के दौरान कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ भी मुलाकात हो सकती है। इस बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि उन्हें निश्चित रूप से यह मुद्दा (अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों का मामला) उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह हैरानी की बात है कि जो हो रहा है, उस पर हमने (सरकार) खुलकर कोई बात नहीं की है। अमेरिका ने बीते 10 जून को पलाऊ के ही ध्वज वाले जहाज सेटेबेलो पर हमला किया था, जिसपर सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी।

## पीएम मोदी ने नया भारत निर्माण के 12 साल पूरे होने पे दोहराया नयी पीढ़ी के इंफ्रास्ट्रक्चर का विजन

(एजेंसी) नई दिल्ली। नया भारत निर्माण के 12 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले दशक में देशभर में रिकॉर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हुआ है। साथ ही, उन्होंने विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए अगली पीढ़ी का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने नया भारत निर्माण के 12 साल हैशटैग के साथ एक्स पर लिखा, पिछले एक दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने का रिकॉर्ड स्तर पर हुआ है। विकसित भारत के अपने विजन को साकार करने के लिए देश के लोगों के लिए अगली पीढ़ी का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने मेरी सरकार का एक पोस्ट भी शेयर किया, जिसमें पिछले 12 वर्षों में देश की इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी उपलब्धियों को बताया गया है। मेरी सरकार की पोस्ट में कहा गया, किसी देश की ताकत लोगों, बाजारों और अवसरों को जोड़ने की उसकी क्षमता से झलकती है। पिछले 12 वर्षों में भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर में आए बदलाव ने आवाजाही को तेज किया है, लॉजिस्टिक्स को मजबूत किया है और विकास के नए रास्ते खोले हैं। बेहतर कनेक्टिविटी न केवल दूरियों को कम कर रही है बल्कि अवसरों का विस्तार भी कर रही है और एक अधिक समृद्ध भारत की नींव को मजबूत कर रही है। मेरी सरकार एक्स पोस्ट के अनुसार, पिछले 12 सालों में भारत के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई है। नेशनल हाईवे की लंबाई 91,287 किमी से बढ़कर 1,46,572 किमी हो गई है, जबकि हाईवे बनाने की रफ्तार लगभग तीन गुना बढ़कर 12 किमी प्रति दिन से 34 किमी प्रति दिन हो गई है। इस दौरान 55,000 किमी से ज़्यादा हाईवे जोड़े गए हैं, जिससे पूरे देश में आवाजाही और आर्थिक गतिविधियों में काफी तेजी आई है। एक



अन्य पोस्ट में भारत के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से हो रहे विस्तार पर भी जोर दिया गया। इसमें बताया गया है, ब्रॉड गेज का इलेक्ट्रिफिकेशन 2014 में 20 प्रतिशत से बढ़कर 2026 में 99.6 प्रतिशत हो गया है, जिससे भारत दुनिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रिफाइड रेलवे नेटवर्क में से एक बन गया है। कुल 69,873 रूट किलोमीटर रेल ट्रैक का इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है, जबकि 25 राज्यों ने 100 प्रतिशत रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन हासिल कर लिया है। इसके अलावा, 1,330 से ज़्यादा अमृत भारत स्टेशनों को विकसित और आधुनिक बनाया जा रहा है। मेरी सरकार ने यह भी बताया कि वंदे भारत ट्रेनों ने बेहतर स्पीड, आराम और कुशलता के साथ रेल यात्रा को बदल दिया है। अभी, 274 जलिों में 164 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। वित्त वर्ष 2026 के दौरान इन सेवाओं में लगभग चार करोड़ यात्रियों ने यात्रा की, जो सालाना 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों ने लंबी दूरी की कनेक्टिविटी को और मजबूत किया है। इनमें पूरी ऑक्यूपेंसी (सीटें भरने की दर) देखी गई और सेवा शुरू होने के सिर्फ तीन महीनों के भीतर 1.2 लाख से ज़्यादा यात्रियों ने यात्रा की। शहरी परिवहन में भी बड़ा बदलाव आया है। भारत का मेट्रो नेटवर्क 2014 में 248 किलोमीटर से बढ़कर 2026 में 1,155 किलोमीटर हो गया है। मेट्रो सेवाएं, जो 2014 में सिर्फ पांच शहरों में उपलब्धा थीं, अब 26 शहरों में चल रही हैं। रोजाना यात्रियों की संख्या 28 लाख से बढ़कर एक करोड़ से ज़्यादा हो गई है, जिससे शहरी आवाजाही में काफी सुधार हुआ है। पोस्ट में उड़ान योजना की उपलब्धियों पर भी जोर दिया गया, जिसने हवाई यात्रा को ज़्यादा आसान और सस्ता बना दिया है। चालू एयरपोर्ट्स की संख्या 74 से बढ़कर 164 हो गई है, जबकि 663 उड़ान रूट अब 95 एयरपोर्ट्स, हेलीपोर्ट्स और वॉटर एयरोड्रोम को जोड़ते हैं। इन बदलावों ने श्लास्ट– माइल हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत किया है और भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू एविएशन मार्केट बनने में मदद की है।

## राहुल गांधी एक बड़ा मजाक, तमिलनाडु में गठबंधन टूटने के बाद डीएमके का कांग्रेस पर तीखा हमला

(एजेंसी) चेन्नई। तमिलनाडु में गठबंधन टूटने के बाद एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बेहद तीखा और सीधा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को एक बड़ा मजाक करार देते हुए कहा कि उन्होंने विपक्षी एकता को तार– तार करने का आरोप लगाया है। इसे लेकर ष्छक्। गठबंधन के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। डीएमके के मुखपत्र मुरासोली ने अपने हालिया संपादकीय में लिखा गया कि राहुल गांधी हर जगह विपक्षी एकजुटता का उपदेश देते फिरते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि उन्होंने खुद राज्यों में इस एकता को कमजोर किया है। जब कांग्रेस अपने वजूद की लड़ाई लड़ रही थी, तब डीएमके ने उसका हाथ थामा। लेकिन जैसे ही उन्हें कोई नया आकर्षक खिलौना मिला, वे वफादारी भूलकर उसके पीछे भाग गए। जानकारी के लिए बता दें कि दोनों दलों में विवाद तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद शुरू हुआ। इन चुनावों के परिणाम आने के बाद वहां के सियासी समीकरण पूरी तरह से बदल गए। इतना ही नहीं हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुई इंडिया ब्लॉक की मीटिंग में डीएमके अनुपस्थित रही। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह भविष्य में कांग्रेस के नेतृत्व या बुलावे पर होने वाली किसी भी बैठक में शामिल नहीं होगी।




# सम्पादकीय

## पंजाब कांग्रेस में बढ़ी हलचल


पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा ऐलान किया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पार्टी ने अजय माकन, मीनाक्षी नटराजन और भजन लाल जाटव को पंजाब का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दरअसल, प्रदेश कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर खींचतान तेज हो गई है, जहां एक गुट मौजूदा अध्यक्ष राजा वाडिंग की जगह पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहता है, जबकि दूसरा गुट इसका विरोध कर रहा है। इस बीच विजय इन्द्र सिंगला भी इस पद की दौड़ में शामिल बताए जा रहे हैं। विदित हो कि कांग्रेस ने पंजाब में अब विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब को लेकर तीन नेताओं की एक समिति बनाई है जिसमें अजय माकन,मीनाक्षी नटराजन और भजनलाल जाटव को शामिल किया गया है।



नफीस जाफरी

इन नेताओं से कहा गया है कि पंजाब में कांग्रेस की क्या हालत है वहां पर पार्टी को क्या करना चाहिए इस पर वहां के नेताओं से बातचीत करके एक रिपोर्ट बना कर दें जिसमें सुझाव भी होने चाहिए। सबसे मजेदार बात है कि अजय माकन को सितंबर 2021 में भी पंजाब का पर्यवेक्षक बना कर भेजा गया था और माना जाता है कि उन्हीं के रिपोर्ट के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह को मुख्यमंत्री पद से हटा करके चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। हालांकि कांग्रेस का यह प्रयोग विफल रहा था और पंजाब में कांग्रेस के हाथ से सत्ता चली गयी थी। अभी हाल में ही पंजाब में जो स्थानीय निकाय के चुनाव हुए हैं उसमें कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही है। पंजाब को लेकर राहुल गांधी दिल्ली में एक बैठक कर चुके हैं और सभी नेताओं को एकजुट रहने के लिए कहा है क्योंकि बैठक के दौरान ही इन नेताओं के मतभेद सबके सामने खुल कर सामने आ गए थे। तब ये कहा गया था कि पंजाब में कांग्रेस को अपना घर दुरुस्त करने की जरूरत है और पार्टी संगठन में बदलाव करने पड़ेंगे। पंजाब में कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या ये है कि कम से कम आधा दर्जन नेता अपने आप को मुख्यमंत्री के रेस में देखते हैं और इसके लिए एक दूसरे के खिलाफ ही साजिश रचने में व्यस्त रहते हैं। कांग्रेस आलाकमान ने अब यह साफ कर दिया है कि किसी एक चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा और पार्टी सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनाव लड़ेगी। पंजाब में मुख्यमंत्री का चेहरा तो कोई सिख ही बनेगा मगर कौन ये बड़ा सवाल है जिसका उत्तर कांग्रेस पार्टी ढूंढ रही है। दलित सिख के साथ पिछली बार कांग्रेस चुनाव में उतरी थी तब कांग्रेस को पंजाब के दलितों का सबसे ज्यादा वोट मिला था मगर बाकी समुदायों का वोट नहीं मिला। इसलिए कांग्रेस को इस बार पंजाब में समुदायों के बीच संतुलन बनाना पड़ेगा। यही वजह है कि हिंदू समुदाय से आने वाले विजय इंदर सिंगला को संगठन में बड़ा स्थान देने की बात हो रही है। इनके कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की चर्चा है। पंजाब में हमेशा सिख और हिंदू समुदाय के बीच ही राजनीति चलती है। यहां 57 फीसदी सिख हैं और 38 फीसदी हिंदू.। भाजपा को शहरी हिन्दू वोटों का सहारा है मगर सिख वोटों में सेंध लगाने के लिए भाजपा ने इस पर सुनील जाखड़ को हटा कर सरदार केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस आलाकमान को लगता है कि पंजाब में कांग्रेस की जड़ें हैं और यहां विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन किया जा सकता है।

# टीएमसी के बाग़ियों ने दिलाई एनसीपीआई को चर्चा



गुलफिशा खान

ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया यानि एनसीपीआई में विलय की घोषणा की है। इस बड़ी राजनीतिक उठापठक के बाद यह गुमनाम पार्टी अचानक से देश की राजनीति में चर्चा में आ गई है। तृणमूल कांग्रेस में चल रही बगावत में यह पार्टी एक बड़ी खिलाड़ी बनकर सामने आ रही है। सब यह समझने में लगे हैं कि एनसीपीआई पार्टी किस राज्य से हैं और टीएमसी के बागी सांसद इसी पार्टी में क्यों जा रहे हैं। इस पर मिले दस्तावेजो में बड़ी जानकारी सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि यह राजनीतिक दल चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। एनसीपीआई पार्टी का चुनावी रिकॉर्ड, पार्टी को कहा से डोनेशन मिला है, उसका संगठन क्या है और कैसा रहा है. यह सब जानकारी सामने आई है। नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया 2023 में बनी थी। जिसने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। एनसीपीआई पार्टी चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है। इलेक्शन कमीशन की ऑडिट रिपोर्ट और डोनेशन रिकॉर्ड के मुताबिक पार्टी ने अपने वित्तीय दस्तावेज चुनाव आयोग में पेश किए थे। 2023 के चुनाव में पार्टी को चुनाव चिन्ह सात किरणों वाली पेन की निब दिया गया था। चुनावी आंकड़ों के मुताबिक पार्टी को कुछ डोनेशन भी मिला था। हालांकि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ ज्यादा नहीं है। एनसीपीआई पार्टी ने 2023 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। चावमानु, कैलाशहर और अंबासा में पार्टी ने चुनाव लड़ा था। हालांकि किसी भी उम्मीदवार को 550 वोट भी नहीं मिले थे. चावमानु सीट पर 536 वोट, और कैलाशहर 286 वोट और अंबासा सीट पार्टी को 376 वोट मिले थे। यानि पार्टी का वोट आधार बिल्कुल सीमित रहा था। सभी उम्मीदवारों को 1,198 वोट मिले थे। कोई भी उम्मीदवार छाप नहीं छोड़ पाया था। लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाक्रम के बाद इस पार्टी ने सभी का ध्यान आकर्षित कर दिया। एनसीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम उत्तिया कुंडू हैं, जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। 10 मई 2026 को उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिसमें उत्तिया कुंडू वर्तमान में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुवेंदू अधिकारी जो उस वक्त नेता प्रतिपक्ष थे। उनके साथ वायरल हुई थी। अब यह तस्वीर भी तेजी से वायरल हो रही है। खास बात यह है कि उत्तिया कुंडू ने अपने सोशल मीडिया पेज से टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के खिलाफ राजनीतिक तौर से निशाना भी साधा था। जिससे यह साफ होता है कि वह राजनीतिक तौर पर टीएमसी के विरोधी रहे हैं। जिससे उत्तिया कुंडू की भाजपा से नजदीकी की चर्चा भी राजनीतिक गलियारों में हो रही है। बहरहाल, वहीं इससे पूर्व ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की बगावत अब एक कदम आगे और बढ़ गई है। टीएमसी के बागी सांसदों की नेता काकोली घोष ने बीते दिनों लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद बताया कि बागी सांसद नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में मर्ज होने जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने लोकसभा स्पीकर से संसद में टीएमसी से अलग बैठने की जगह मांगी है।



पश्चिम बंगाल में चुनावी हार के बाद ही तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद बागी हो गए हैं। अभी तक 20 सांसदों के बागी होने की बात सामने आ रही थी। हालांकि, रविवार को काकोली घोष ने उनके साथ 22 सांसदों के होने का दावा किया है। वहीं, टीएमसी के बागी सांसदों के एनसीपीआई से मर्ज होने की खबर सामने आने के बाद कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सांसदों को डिसक्वालिफाई करने की मांग की है। टीएमसी के बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने बताया कि वे एनसीपीआई से मर्ज करना चाहते हैं। हालांकि, बाद में बागी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने बताया कि वे लोग पहले ही एनसीपीआई के साथ मर्ज कर चुके हैं। लोकसभा स्पीकर से मुलाकात के बाद काकोली घोष ने कहा कि श्हमारे पास दो–तिहाई बहुमत है और हमने अलग बैठने के लिए अलग व्यवस्था के लिए स्पीकर को एक पत्र दिया है। हम नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो जाएंगे और एनडीए को समर्थन करेंगे। असली टीएमसी कौन है? इस बारे में सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि इसका फैसला अदालत करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे पार्टी के सिंबल दो फूल पर अपना दावा पेश करेंगे। वहीं राजनीतिक जानकारों का मानना है कि बागी नेताओं ने संभावित कानूनी पेचीदगियों से बचने के लिए एक साथ किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। बागी गुट ने यह भी ऐलान किया है कि पूरे पश्चिम बंगाल में एनसीपीआई के दतर खोले जाएंगे। फिलहाल, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के 27 सांसद हैं। सितंबर 2024 में तृणमूल कांग्रेस के सांसद हाजी शेख नूरुल इस्लाम के निधन के बाद से उत्तर 24 परगना जिले की बशीरहाट सीट खाली है। चूंकि लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के दो–तिहाई से ज्यादा सांसद बागी हो गए हैं और उन्होंने दूसरी पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है, इसलिए उन पर दल–बदल विरोधी कानून के प्रावधान लागू नहीं हो सकते हैं।

# युद्ध ख़त्म, लेकिन चुनौतियां बरकरार



फरीद वारसी

अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिनों की जंग आखिरकार खत्म हो गई है। दोनों देशों में शांति डील फाइनल हो चुकी है और 19 जून को जिनेवा में इसपर आधिकारिकी मुहर भी लग जाएगी। दोनों अपनी–अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिका और उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बिना हारे यह जंग हार चुके हैं। इसका सबूत खोजने के लिए हमें यह देखना होगा कि ट्रंप क्या मकसद लेकर जंग में कूदे थे और उन्होंने क्या हासिल किया है। ईरान में तख्तापलट से लेकर एनरिच्ड यूरेनियम पर कब्जा करने तक, होर्मुज खुलवाने से ईरान को विदेशों में जब्त उसकी संपत्तियों को सौंपने तक... ट्रंप ने कम से कम 29 बिलियन डॉलर के खर्चे वाला युद्ध लड़कर क्या हासिल किया है। बहरहाल जैसा कि उल्लेखनीय है कि अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन की जंग खत्म हो गई, शांति समझौता भी तैयार है और 19 जून को उस पर मुहर लगने वाली है। लेकिन क्या इसके साथ ही मिडिल ईस्ट में शांति की गारंटी मिल गई? शायद नहीं. ।असली परीक्षा तो अब शुरू होगी। एक छोटी सी चूक इस डील में तय 60 दिन के सीजफायर को तोड़ सकती है। इजरायल के रुख से लेकर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर होने वाली अहम बातचीत और ट्रंप की अनिश्चित नीति... ऐसे कई सवाल हैं जो इस ऐतिहासिक डील के भविष्य का फैसला करेंगे। चलिए इस आलेख के माध्यम से आपको कुछ ऐसी ही चुनौतियों के बारे में बताते हैं। पहली और सबसे बड़ी चुनौती होगी कि इस डील के तहत लागू 60 दिनों के सीजफायर को



जमीन पर बचा पाना। एक हमला और सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। इस डील की जो बात अबतक सामने आई है, उसके अनुसार यह सीजफायर हर मोर्चे पर लागू होगा– लेबनान में भी। ट्रंप के लिए यह चुनौती कि वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को कंट्रोल में रखें क्योंकि इजरायल ने यह साफ किया है कि वह डील का हिस्सा नहीं बनेगा। लेबनान में इजरायल के हमलों को लेकर रविवार को भी ट्रंप और नेतन्याहू के बीच के मतभेद सामने आए थे। अगर सीजफायर के बीच इजरायल ने लेबनान पर फिर हमला किया तो ईरान इसे सीजफायर का उल्लंघन मानेगा। दूसरी चुनौती होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से जल्द से जल्द खोलने की होगी। दुनिया में कुल तेल व्यापार का 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज के रास्ते होता है लेकिन इस जंग ने उसपर संकट खड़ा कर दिया। महंगे तेल का असर अमेरिका से भारत तक देखने को मिल रहा है। 19 जून को डील पर साइन होने के बाद होर्मुज फिर खुलने की खबर ने बाजार को उम्मीद दी है। लेकिन होर्मुज खोलना इतना आसान नहीं। होर्मुज के रास्ते समुद्री ट्रैफिक को युद्ध से पहले के स्तर पर लौटने में महीनों लग सकते हैं। यह बात टफ़्ट्स यूनिवर्सिटी के लेचर स्कूल में समुद्री अध्ययन के प्रोफेसर रॉकफ़ोर्ड वेट्ज ने अल जजीरा को बताई। समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटाने, यहां क्षतिग्रस्त ढांचे की मरम्मत करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने में समय लग सकता है। तीसरी चुनौती होगी कि क्या 60 दिन में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर सहमति बन पाएगी? यह मुद्दा दोनों देशों के लिए सबसे संवेदनशील है। पिछले दो साल में परमाणु वार्ता के बीच ही अमेरिका ने दो बार ईरान पर हमला किया है. क्या भरोसा है कि इस बार भी ट्रंप और उनकी सेना ऐसा नहीं करेगी। एक चुनौती दोनों साइड के लिए नैरेटिव वॉर जीतने की भी होगी. इस चक्कर में दोनों देश जुबानी जंग के मोड में जा सकते हैं और सीमा भी लांघ सकते हैं। ट्रंप अपने बयानों और अनिश्चित विदेश नीति अपनाने के लिए जाने जाते हैं। डील को ट्रंप की अनिश्चितता से बचा पाना भी अपने आप में एक चुनौती है। अगर ईरान के लिए बात करें तो उसके लिए अमेरिकी–इजरायली हमले से तबाह हुए अपने शहरों को फिर से खड़ा करना एक चुनौती होगी। अबतक डील ड्राट की जो बात सामने आई है, उसके अनुसार अमेरिका विदेशों में जब्त ईरान की जब्त संपत्तियों (फ्रोजेन एसेट) को वापस देगा। लेकिन यह कैसे होगा, इसपर साफ मतभेद दिख रहा है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने 14–सूत्रीय डवन का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिका परमाणु बातचीत शुरू होने से पहले ही जब्त की गई संपत्ति को जारी करने पर सहमत हो गया है। जबकि अमेरिकी अधिकारी ने ।•पवे को बताया कि जबतक ईरान अपने वादे पूरे नहीं करता, तब तक कोई भी जब्त संपत्ति जारी नहीं की जाएगी।

# स्वस्थ भारत, सशक्त भारत-स्वास्थ्य देखभाल विकास के 12 वर्ष

श्रीमती अनुप्रिया पटेल

बेहतर स्वास्थ्य प्रणाली से आर्थिक उत्पादकता बढ़ती है, कार्यबल की संख्या में बढ़ोतरी होती है और विकास दीर्घावधि तक होता है। इसलिए, अच्छी सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा संकेत है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति भी है। यह वह आधार है, जिस पर मानवीय क्षमता का निर्माण होता है और देश की ताकत मापी जाती है। इसलिए, बेहतर सेहत न केवल समाज के लिए अच्छा है, बल्कि यह देश की एक संपत्ति है और इसमें लगाया गया हर रुपया देश के लोगों में किया गया निवेश है।

इस तरह, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) , यानी यह सुनिश्चित करना कि सभी लोग, चाहे उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, बिना किसी आर्थिक परेशानी के, जब और जहाँ ज़रूरत हो, अच्छी गुणवत्ता की सभी ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं हासिल कर सकें। यह न केवल 2030 तक हासिल किया जाने वाला सतत् विकास का लक्ष्य है, बल्कि सेहत से जुड़ी एक प्राथमिकता भी है। भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (एनएचपी 2017), सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) और एसडीजी 3 को हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप है और यह एक सरल लेकिन मज़बूत सोच पर आधारित है –स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुँच होनी चाहिए। इसके चार स्तंभ, किफायती होना, पहुँच, गुणवत्ता और उपलब्धता , उस सोच को वास्तविकता में बदलते हैं और जीवन के सभी चरणों में देखभाल की एक व्यापक व्यवस्था को मज़बूत करते हैं। लक्ष्यों के अनुरूप, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राज्यों को स्वास्थ्य प्रणाली का एक एकीकृत तीन–स्तरीय मॉडल प्रदान करने में मदद करता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी इलाकों (कमज़ोर वर्गों सहित) के बीच दोतरफा रेफरल लिंक शामिल हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) प्राथमिक स्तर पर बीमारी से बचाव, सेहत को बढ़ावा देने, इलाज, पुर्नवास और प्रशामक देखभाल जैसी व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ देते हैं। ईसंजीवनी टेलीमेडिसिन प्लेटफ़ॉर्म इन एएएम के ज़रिए समुदाय को विशेषज्ञों से जोड़कर विशेषज्ञों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। साथ ही, एक खास टेली–मानस प्लेटफ़ॉर्म भी है, जिसने अब तक कुल 38. 93 लाख लोगों तक पहुँच बनाई है। एएएम से जुड़े द्वितीय स्तर के केंद्र जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)/प्रथम रेफरल इकाई (एफआरयू) और ज़िला अस्पताल (डीएच) होते हैं, जो विशेषज्ञ के समक्ष इलाज और अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा के लिए रेफरल का पहला ज़रिया होते हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेज जैसे तृतीयक संस्थान सबसे ऊपर होते हैं और ज़्यादा जटिल व सुपर–स्पेशलिस्ट सेवाओं की ज़रूरतें पूरी करते हैं। इस तीन–स्तरीय प्रणाली को सरकारी स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी का समर्थन प्राप्त है। पिछले दशक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर होने वाला खर्च 168त्न बढ़ गया है, जो स्वास्थ्य को राष्ट्रीय प्राथमिकता मानने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर का सफ़र व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और प्रतिक्रियात्मक कार्यवाही से समस्या होने से पहले ही ध्यान रखने वाली देखभाल की ओर ज़रूरी बदलाव को दिखाता है। व्यापक स्वास्थ्य पैकेजों की संख्या 6 से बढ़ाकर 12 करना, भारत की बदलती आबादी और बीमारियों के बदलते पैटर्न के हिसाब से उठाया गया एक ज़रूरी कदम है। बढ़ती उम्र की आबादी और गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) के बढ़ते मामलों की दोहरी चुनौतियों का सामना करते हुए, इसके दायरे में गैर–संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, बुजुर्गों की देखभाल, आपातकालीन सेवाएँ, आँख, कान–नाक–गला (ईएनटी) और मुँह की सेहत के साथ–साथ योग और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली गतिविधियाँ शामिल हैं। यह सब उस आबादी की ज़रूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो भारत अब बन रहा है। मई 2026 तक, देश भर में 1.8 लाख से ज़्यादा एएएम काम कर रहे हैं, ताकि लोगों को उनके घर के पास स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। इस विस्तार का असर एएएम में 120 करोड़ से ज़्यादा ओपीडी परामर्श, 70 करोड़ से ज़्यादा ईसंजीवनी टेली–परामर्श और अच्छी सेहत व कल्याण को बढ़ावा देने वाले 46.1 करोड़ से ज़्यादा वेलनेस सत्रों में साफ़ दिखता है। प्राथमिक देखभाल स्तर पर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और आम कैंसर (जैसे ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर) के लिए आबादी–आधारित स्क्रीनिंग 30 साल से ज़्यादा उम्र के सभी वयस्कों के लिए की जाती है, जिससे बीमारी का जल्दी पता लगाना एक सामान्य प्रक्रिया बन जाती है। यह जांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत सेवा वितरण का एक अहम हिस्सा है, जो एनसीडी की रोकथाम को व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में शामिल करती है। एनसीडी सेवाओं का विस्तार बीमारी का जल्दी पता लगाने, रोकथाम, प्रबंधन और इलाज के लिए एक बहु स्तरीय प्रयास है। समर्पित एनसीडी क्लीनिक, डे–केयर कैंसर केंद्र , तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र और राज्य कैंसर संस्थान, उन्नत ऑन्कोलॉजी सेवाओं को विकेंद्रीकृत करते हैं और विशेषज्ञ देखभाल को मरीज़ के करीब लाते हैं। साथ ही, बचाव से जुड़ी गतिविधियों के लिए होल–ऑफ–गवर्नमेंट दृष्टिकोण अपनाया जाता है। एफएसएसएआई स्वस्थ खान–पान की आदतों को बढ़ावा देता है, फिट इंडिया मूवमेंट शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है और आयुष मंत्रालय योग और कल्याण को आगे बढ़ाता है। लगातार चलने वाले जन–जागरूकता अभियान और स्वास्थ्य दिवस मनाने जैसे कार्यक्रम इन प्रयासों को और मज़बूत करते हैं। खाने के तेल की खपत को 10त्न कम करने की प्रधानमंत्री मोदी की निजी अपील एक सरल लेकिन दमदार सोच को ज़ाहिर करती है कि एनसीडी के ख़िलाफ़ लड़ाई अस्पतालों के साथ–साथ घरों में भी जीती जाती है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के विस्तार के लिए, एएएम स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य ऑफिसर्स का एक नया कैडर शुरू किया गया, जिससे क्लिनिकल और जन स्वास्थ्य से जुड़ी विशेषज्ञता समुदायों के और करीब आ गई। यह विस्तार लोगों के घर–द्वार तक भी पहुँचा, जहाँ फ्रंटलाइन नेटवर्क बढ़कर 10 लाख से ज़्यादा आशा (आशा) कार्यकर्ताओं तक पहुँच गया, जिन्होंने समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ा। विस्तार के साथ–साथ, भारत ने देखभाल के मापदंडों को बदलने की ज़्यादा मुश्किल चुनौती भी स्वीकार की। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, जो देश में ही विकसित और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकृत हैं, ने गुणवत्ता को सिफ़ 'एक इच्छा से बदलकर एक जवाबदेही बना दिया। 65,000 से ज़्यादा जन स्वास्थ्य केंद्र, जिनमें 54,926 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं, अब एनक्यूएएस द्वारा प्रमाणीकृत हैं। इसके अलावा, आईपीएचएल के लिए लैब मानकों ने व्यवस्था में और मज़बूती और सटीकता लाई है। एनक्यूएएस की सफलता का राज़ सिफ़ 'मानदंड नहीं, बल्कि उसके आस–पास बनी व्यवस्था था, जैसे माँ और नवजात शिशु की देखभाल के लिए लक्ष्य, साफ़–सफ़ाई और संक्रमण नियंत्रण के लिए कायाकल्प और बच्चों की सेहत के लिए मुस्कान। इन सभी ने मिलकर गुणवत्ता को सिफ़ 'एक मानक के बजाय एक आधारभूत स्तर बना दिया है। नतीजा यह है कि अब ऐसी व्यवस्था तैयार हुई है, जिसमें न सिफ़ 'ज़्यादा लोगों का इलाज होता है, बल्कि बेहतर इलाज भी किया जाता है। अगर प्राथमिक देखभाल व्यवस्था का पहला वादा है, तो राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम जैसे खास कार्यक्रम देश भर में ओओपीई को कम करने के सरकार के संकल्प को और दिखाते हैं। इससे उन परिवारों की कुल मिलाकर 10,102 करोड़ रुपये से ज़्यादा की बचत हुई है, जिन्हें वरना यह बोझ अकेले उठाना पड़ता। लोगों की सेहत की ज़िम्मेदारी लोगों को ही सौंपते हुए, भारत ने अपने सामुदायिक मंचों को मज़बूत किया है। यह एक सोच–समझकर बनाया गया, विकेंद्रीकृत ढांचा है, जो योजनाकृत, निगरानी और जवाबदेही को स्थानीय लोगों के हाथों में सौंपता है। विलेज हेल्थ, सैनिटेशन एंड न्यूट्रिशन कमिटीज़ (वीएचएसएनसी), जन आरोग्य समितियां (जेएएस) और रोगी कल्याण समितियां (आरकेएस) ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय भागीदार बनाया है। शहरी इलाकों में, महिला आरोग्य समितियां (एमएएस) पारदर्शिता, जवाबदेही और भरोसेमंद प्रतिक्रिया के लिए समुदाय की आवाज़ को अहमियत देते हुए, महिलाओं को सामुदायिक आउटरीच के केंद्र में रखकर इस फ़ोकस को और गहरा करती हैं। वास्तविक स्वास्थ्य सुरक्षा का अर्थ है आज के खतरों के साथ–साथ कल के खतरों के लिए भी तैयार रहना। 2021 में 64,180 करोड़ रुपये के बजट के साथ शुरू की गई पीएम–एबीएचआईएम योजना सीधे तौर पर कोविड–19 से मिले सबक पर आधारित है, जैसे कि अचानक बढ़ने वाली ज़रूरतों को पूरा करने की क्षमता बनाना, लेबोरेटरी नेटवर्क को मज़बूत करना, बीमारियों की वास्तविक समय में निगरानी का दायरा बढ़ाना और वन हेल्थ शोध ढ़ांचा विकसित करना। असल में, यह मुश्किल समय से मिले सबक को एक मज़बूत जन स्वास्थ्य प्रणाली में बदलने का काम है। जब बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होने की ज़रूरत पड़ती है, तो आयुष्मान भारत पीएम–जेएवाई आर्थिक मदद प्रदान करता है, जिससे इलाज का खर्च परिवार के लिए भारी बोझ नहीं बनता। दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना होने के नाते, यह हर परिवार को हर साल द्वितीय और तृतीयक देखभाल के लिए 5 लाख रुपये तक की सुविधा देती है। यह सुरक्षा 2024 में 70 साल से ज़्यादा उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी दी गई, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इन सभी पहलों के पीछे एक डिजिटल आधार है, जिसके बिना इतने बड़े पैमाने पर व्यवस्था काम नहीं कर सकती। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी, अंतर सचालित स्वास्थ्य जानकारी और यूनिफाइड हेल्थ इंटरफेस ने रिकॉर्ड को पोर्टेबल, पहुंच को आसान और सेवाओं के वितरण को और बेहतर बना दिया है। भारत की डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली की ओर बढ़ने के साथ ही अब तक लगभग 91 करोड़ आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। कुल मिलाकर, मुफ्त सेवाएं, सामुदायिक स्तर पर निदान, अग्रिम पंक्ति के विशेषज्ञ, रेफरल परिवहन, डायलिसिस, अस्पताल में भर्ती होने का खर्च और एक डिजिटल आधार, केवल योजनाओं का संग्रह नहीं हैं, बल्कि ये एक प्रणाली का निर्माण करते हैं। लिहाज़ा ये स्वास्थ्य संबंधी लाभ आकस्मिक नहीं हैं। ये सतत, कई स्तरों पर किए गए सार्वजनिक निवेश का कारगर परिणाम हैं। ये नतीजे अब अमूर्त नहीं हैं, वे भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। मातृ मृत्यु दर 2004–06 में प्रति लाख जीवित जन्मों पर 254 से घटकर 2022–24 में 87 हो गई है, जो एनएचपी 2017 के लक्ष्यों को पूरा करती है। 1990 से 2024 तक, भारत ने एमएमआर में 84त्न की कमी की है, जो वैश्विक स्तर पर 48त्न की गिरावट से लगभग दोगुनी है और इसी वजह से मातृ स्वास्थ्य और परिवार नियोजन में नेतृत्व के लिए यूएनएफपीए की मान्यता प्राप्त की है। व्यापक तस्वीर भी यही कहानी बयां करती हैरू नवीनतम एनएफएचएस के अनुसार, प्रजनन दर 2.0 तक पहुंच गई है, संस्थागत प्रसव 90.6त्न तक बढ़ गए हैं और पूर्ण टीकाकरण अब 98.6त्न है। ये एक ऐसी प्रणाली के संकेत हैं, जो रोकथाम, पहचान और प्रतिक्रिया करना सीख रही है। यही कारण है कि भारत की उन्मूलन उपलब्धियाँ महत्वपूर्ण हैंरू 2015 में मातृ एवं नवजात टेटनस और 2024 तक ट्रेकोमा का सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में उन्मूलन। ऐसा करने वाला भारत दक्षिण–पूर्व एशिया का तीसरा देश बन गया है। यह व्यापक सबक है। एनएचपी 2017 ने दिशा निर्धारित की, एनएचएम ने उप–स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर तृतीयक अस्पतालों तक वितरण अवसंरचना का निर्माण किया और आयुष्मान भारत ने उस प्रणाली को उसके चार कार्यशील स्तंभ दिएरू प्राथमिक देखभाल के लिए एएएम, वित्तीय सुरक्षा के लिए पीएम–जेएवाई, सशक्तिकरण और अवसंरचना के लिए पीएम–एबीएचआईएम, और डिजिटल आधार के लिए एबीडीएम। मुफ्त दवाओं, निदान, परिवहन और डायलिसिस के साथ मिलकर, ये योजनाएँ मात्र योजनाओं का संग्रह नहीं हैं। ये हमारे लोगों के लिए एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य कवच का निर्माण करती हैं और यह याद दिलाती हैं कि जब सार्वजनिक स्वास्थ्य को राष्ट्र निर्माण के रूप में देखा जाता है, तो यह जीवन और देश के भविष्य दोनों को बदल सकता है।

(लेखक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री हैं)

# बहराइच-नानपारा मार्ग पर ओवरलोड थ्रीव्हीलर दौड़ रहे बेखौफ

**– मासूम की जान जोखिम में डालकर सफर, वायरल फोटो ने खोली प्रशासनिक लापरवाही की पोल**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नानपारा मार्ग पर सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड थ्रीव्हीलर व आटोरिक्शा यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है कि क्षमता से अधिक सवारियां भरकर वाहन फर्राटे भर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ताजा मामला राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक थ्रीव्हीलर सड़क पर तेज रतार से फर्राटे भरने का प्रकरण सामने आया है, जिसकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वायरल फोटो में देखा जा सकता है कि वाहन में क्षमता से कहीं अधिक सवारियां भरी गई हैं, वहीं एक मासूम बच्चा वाहन के पीछे डाले पर बैठा हुआ पूरी तरह बाहर की ओर लटका नजर आ रहा है। सड़क पर तेज रतार से दौड़ते वाहन में बच्चे की यह स्थिति किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बहराइच–नानपारा मार्ग पर इस तरह के ओवरलोड ऑटोरिक्शा और थ्रीव्हीलर रोजाना चलते हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। नियमों की अनदेखी कर चालक अधिक कमाई के लालच में यात्रियों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वायरल फोटो का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा मार्ग पर चल रहे ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी बड़े सड़क हादसे से बचा जा सके।

# जनसुनवाई में एसएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**– त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्रों पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई



सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना तथा संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से वार्ता कर मामलों का निष्पक्ष, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना और उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करना इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि फरियादियों को समय पर न्याय मिल सके और पुलिस व्यवस्था के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत है।

# परीक्षा व्यवस्थाओं का एसएसपी ने लिया जायजा

**– निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा कराने के दिए निर्देश**

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परीक्षा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश



दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन, शारीरिक मानक परीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, चिकित्सा सहायता, प्रतीक्षा स्थल, यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं अभ्यर्थियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द, क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय तथा क्षेत्राधिकारी सैफई कुशलपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा परीक्षा के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# योगी सरकार में विकास को मिल रही नई रफ्तार

**- 2.71 करोड़ रुपये की लागत से पैलानी क्षेत्र में हो रहा संपर्क मार्ग का निर्माण**

**- लसडा से कारूबाबा धार्मिक स्थल होते हुए दौनाय घाट तक 67 प्रतिशत निर्माण पूरा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में जिले के पैलानी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक बड़ी सौगात दी गई है। पैलानी में 2.71 करोड़ रुपये की भारी लागत से एक शानदार संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग लसडा से प्रसिद्ध कारूबाबा धार्मिक स्थल होते हुए सीधे दौनाय घाट तक बनाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मुस्तैदी के कारण अब तक इस परियोजना का 67 प्रतिशत निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और कड़े दिशा निर्देशों का ही नतीजा है कि जो काम पहले सालों लटके रहते थे वे




अब समयसीमा से काफी पहले पूरे हो रहे हैं। इस सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की आधिकारिक समयसीमा फरवरी 2027 तय की गई है। लेकिन जिस तेज रतार से काम चल रहा है उसे देखकर साफ है कि यह मार्ग अपनी डेडलाइन से काफी पहले बनकर तैयार हो जाएगा। आज पैलानी क्षेत्र की ग्रामीण सड़कें तेजी से चमचमा रही हैं। इस नए संपर्क मार्ग के बनने से न केवल लसडा और दौनाय घाट के ग्रामीणों का सफर आसान होगा बल्कि कारूबाबा धार्मिक स्थल आने वाले श्रद्धालुओं को भी कीचड़ और गड्ढों से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। सुगम मार्ग बनने से क्षेत्र में व्यापार, परिवहन व पर्यटन के खुलेंगे अवसर योगी सरकार की इस विकासपरक सोच से क्षेत्रीय जनता में भारी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि दशकों से यह इलाका उपेक्षित था लेकिन महाराज के नेतृत्व में पहली बार गांवों और धार्मिक स्थलों के कायाकल्प को इतनी प्राथमिकता दी जा रही है। दौनाय घाट तक सुगम मार्ग बनने से क्षेत्र में व्यापार, परिवहन और पर्यटन के नए अवसर खुलेंगे। योगी सरकार की अंतिम छोर तक विकास की नीति आज ग्रामीणांचलों में धरातल पर साफ दिखाई दे रही है। चमचमाती सड़कें और धार्मिक स्थलों का यह कायाकल्प प्रदेश में सुशासन और विकास के एक नए युग का जीवंत उदाहरण है।

# सिंचाई विभाग ने जनसंपर्क व जन जागरूकता संगोष्ठी का किया आयोजन

**- पद्मश्री उमाशंकर पाडेय ने जल ही जीवन पर दिया जोर**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष और प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा मंगलवार को तिंदवारी निरीक्षण गृह में राज्यव्यापी जनसंपर्क एवं जन जागरूकता अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन केन नहर प्रखंड, केन बेतवा लिंक निर्माण खंड 1–2, लघु डाल नहर खंड, सिंचाई प्रखंड तृतीय और नलकूप खंड ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के स्वागत से हुई। उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। इसके बाद मंत्री ने फलदार वृक्षों का रोपण किया। दीप प्रज्जवलन ब्लॉक प्रमुख तिंदवारी सुधा साहू और नगर पंचायत तिंदवारी द्वारा किया गया। सिंचाई विभाग ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, माला–पटका पहनाकर सम्मानित किया। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि जलयोद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि मंदिर वही बना सकता है जिसका मन पवित्र हो, उन्होंने जल और पेड़ों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जन्म से मरण तक जल जरूरी है, केन बेतवा लिंक परियोजना बनने पर पांच साल में बांदा हरा–भरा हो जाएगा, उन्होंने कविता के जरिए पानी की महत्ता बताई और गांव का पानी तालाब में, खेत का पानी पेड़ में, पेड़ लगाओ पानी बचाओ का नारा दिया, साथ ही माता–पिता के सम्मान की बात भी कही। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने भारत माता की जयकार के साथ संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि केंद्र–प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड की दशा–दिशा बदली है, सिंचाई विभाग में पहले इतनी योजनाएं नहीं आती थीं, इस सरकार में बंद पड़ी परियोजनाएं चालू हुईं और किसानों को पानी की किल्लत से राहत मिली, उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ



के नेतृत्व में प्रदेश अराजकता मुक्त हुआ है और 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। भाजपा नेता पूर्व प्रधान राजनरायन द्विवेदी ने कहा कि पहले नहरें नहीं थीं, सिर्फ ट्यूबवेल थे। अब हर जगह पानी मिल रहा है। अरविंद पांडे ने जिले में विभागीय कार्यों का विवरण दिया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तिंदवारी ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे सहित विकास कार्यों की सराहना की। मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, सिचाई विभाग नलकूप खण्ड के अधिशासी अभियंता कीर्ति वीर सिंह, एसडीओ हमजा हुसैन, एसडीओ अवधेश कुमार आदि विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# डलमऊ तहसील परिसर में बड़े मंगलवार पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**- विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने चखा महाप्रसाद**

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी डलमऊ के तहसील परिसर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर एक भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में डलमऊ क्षेत्र के कोने–कोने से आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और बजरंगबली के दर्शन कर भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही पूरा तहसील परिसर भक्तिमय भजनों और पवनपुत्र हनुमान के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस पुनीत धार्मिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह के कर–कमलों द्वारा हुआ। उपजिलाधिकारी ने सबसे पहले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप



प्रज्वलित किया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा–अर्चना व आरती की। इसके पश्चात उन्होंने स्वयं अपने हाथों से उपस्थित भक्तों और फरियादियों को प्रसाद वितरित कर भंडारे की शुरुआत कराई। भीषण गर्मी के बावजूद भंडारे को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा गया। डलमऊ तहसील में दूर–दराज के ग्रामीण अंचलों से आए वादकारियों, अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों, राहगीरों और स्थानीय अधिवक्ताओं ने पूरी श्रद्धा के साथ कतारबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति द्वारा गर्मी को देखते हुए भक्तों के लिए शीतल जल और सुचारू व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। इस विशाल भंडारे को सफल बनाने में तहसील प्रशासन, राजस्व कर्मियों और अधिवक्ता संघ का अभूतपूर्व सहयोग रहा। सेवा और सामाजिक सौहार्द की मिसाल बने इस आयोजन के दौरान क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य रूप से अमरेंद्र बहादुर सिंह एडवोकेट, हरिओम त्रिपाठी लेखपाल, .ष्ण कुमार त्रिपाठी, पवन त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, दीपक तिवारी, राधा .ष्ण चौधरी, अशोक सिंह, शिवम त्रिवेदी, अशोक यादव और सुनील गुप्ता सहित भारी संख्या में अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता, राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए योग अपनाने का दिया संदेश

(संवाददाता) हमीरपुर। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2026 के उपलक्ष्य में जनपद हमीरपुर में योग सप्ताह–2026 का शुभारंभ उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। योग सप्ताह का आयोजन 15 जून से 21 जून, 2026 तक किया गया। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग (योग फॉर हेल्थ एजिंग)ष निर्धारित की गई है, जिसके माध्यम से योग को स्वस्थ, संतुलित एवं दीर्घायु जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया जा रहा है। स्थानीय दिन मंगलवार को वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सिटी फॉरेस्ट में प्रातः 6 बजे योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक डॉ. बृजेश कश्यप एवं योग सहायक अमित कुमार बाथम तथा उनकी टीम द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस मौके पर अमित कुमार वन दरोगा ने नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस प्राणायाम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सतीश चंद्र वन दरोगा, जितेंद्र प्रताप वन दरोगा, संजय कुमार वनरक्षक, अरुणेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक, धीरेंद्र सिंह परियोजना अधिकारी नमामि गंगे आदि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।


# 18 जून को होगा जलसा-ए-जिक्रे शहीदे आजम

**- मसतूरात के लिए होगी खास मजलिस**

**- मुहिब्बाने हुसैन कमेटी की जानिब से तैयारियां मुकम्मल, खवातीन से शिरकत की अपील**

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुहिब्बाने हुसैन कमेटी शहर की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी मसतूरात के लिए जलसा–ए–जिक्रे शहीदे आजम का एहतिमाम 18 जून बृहस्पतिवार को दोपहर 1 बजे सर्व समाज मुसाफिर खाना, पक्का तालाब चौराहा, आरा मशीन के पास



मिनजानिब : मुहिब्बाने हुसैन कमेटी
सदर – मुहम्मद मुस्तक़ीम क़ादरी
मौहल्ला शाहकमर नया शहर, इटावा मो.– 9259090059

किया जाएगा। कमेटी के जिम्मेदारों ने बताया कि यह रूहानी और दीनी जलसा हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कुर्बानियों, सीरत और पैगाम को आम करने के मकसद से मुनअकदि किया जा रहा है। जलसे में मुख्तलिफ शहरों से तशरीफ ला रही आलिमात और जाकिरात अपने खिताबात के जरिये दीन–ए–इस्लाम की तालीमात और अहलेबैत की फजीलत पर रोशनी डालेंगी। जलसे की सरपरस्ती मोहतरमा गुफराना चिश्तिया साहिबा फरमाएंगी। जबकि मोहतरमा आलिमा फाजिला सय्यदा तसनीम नूरी शम्शी साहिबा (लखनऊ), मोहतरमा सबाहत नूर चिश्तिया साहिबा (इटावा), मोहतरमा कारिया अर्शी कुरैशी एवं मोहसनीन मुस्तकीम कादरी अपने खुसूसी बयान पेश करेंगे। इसके अलावा नात–ख्वानी और तकरीर का भी एहतिमाम रहेगा। कमेटी की जानिब से तमाम खवातीन से गुजारिश की गई है कि वह अपने अहबाब और अजीज–ओ–अकारिब के साथ ज्यादा से ज्यादा तादाद में जलसे में शिरकत कर इसे कामयाब बनाएं और फैज–ओ–बरकात हासिल करें। आयोजकों ने यह भी बताया कि मसतूरात के लिए पर्दे का मुकम्मल इंतजाम किया गया है, ताकि तमाम खवातीन पूरी सहूलियत और इत्मीनान के साथ जलसे में शरीक हो सकें।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कराया भंडारा

**– लखनापुर बालाजी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु**



न्यूज वाणी ब्यूरो/लखीमपुर खीरी। कस्ता विधानसभा के बेहजम मंडल अंतर्गत ग्राम लखनापुर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में ज्येष्ठ मास के पावन मंगलवार के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में कस्ता विधानसभा सहित पूरे जनपद से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा बजरंग बली का आशीर्वाद प्राप्त किया। सुजीता कुमारी ने बजरंग बली का स्मरण करते हुए कहा, संकटमोचन, भक्तवत्सल और कलियुग के जागृत देवता श्री हनुमान जी अपने भक्तों के सभी कष्टों का निवारण कर उन्हें साहस, शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। उनकी असीम .पा से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं तथा धर्म, सेवा और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, विकास और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में मेरा सतत प्रयास है कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो। आज बजरंग बली के चरणों में प्रार्थना है कि वे हम सभी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और न्याय पहुंचाने की शक्ति प्रदान करें तथा प्रदेश और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। जिलाध्यक्ष अरविन्द गुप्ता ने कहा, ष्बजरंग बली त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें धर्म, कर्तव्य और जनसेवा के प्रति अटूट निष्ठा का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा, सांस्.तिक चेतना और राष्ट्र निर्माण की भावना को नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बजरंग बली के जयकारों के साथ पूजा–अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की। भंडारे में कस्ता विधानसभा समेत पूरे जनपद से पधारे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर बजरंग बली का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में भाजपा जिला महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्य विनोद मिश्र, कुलभूषण, उमाशंकर दद्दू तथा संजय गुप्ता सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

# पानी की समस्या को लेकर सहेवा के ग्रामीणों ने डीए को सौंपा ज्ञापन

### – 25 जून तक पानी न पहुंचने पर दी अनशन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाजसेवी सुमित शुक्ला ने जिलाधिकारी महोदय अमित आसेरी को ज्ञापन सौंपकर सहेवा गांव के महादेवन मंदिर मुहल्ले में जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक घर पानी पहुंचाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि जल जीवन मिशन योजना के तहत् जब से गांव में पानी छोड़ा गया है तब से लेकर आज तक एक बूंद पानी मुहल्ले



में नहीं आया लगातार शिकायती पत्र देने के बाद भी आश्वासन छोड़ कुछ भी हासिल नहीं हुआ यहां तक कि कोई भी कर्मचारी गांव पहुंच कर मौके में भी समस्या जानने का प्रयास नहीं करता। जनपद की भीषण गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द सहेवा गांव के महादेवन मंदिर मुहल्ले के आस पास प्रत्येक घर पानी पहुंचाने की मांग की गई है इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर इस बार 25 जून 2026 तक मुहल्ले में पानी ना पहुंचने अथवा पानी पहुंचाने का प्रयास ना होने पर समस्त मोहल्ले वासियों द्वारा अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि लगभग दो साल से अधिक का समय हो गया किन्तु अभी तक महादेवन मंदिर मुहल्ले के आस पास पानी नहीं पहुंच सका है जिसके लिए लगातार मेरे द्वारा तथा गांव के अन्य लोगों द्वारा शिकायती पत्र दिए जा रहे हैं किन्तु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई आज मुझे यहां पर आश्वासन के साथ भरोसा दिया गया है कि कल ही टीम सहेवा का दौरा कर काम शुरू कर देगी तथा जल्द से जल्द सहेवा गांव के महादेवन मंदिर मुहल्ले में पानी पहुंचाने के साथ ही अन्य शेष समस्याओं को समाप्त करने की दिशा में काम किया जायेगा।इस दौरान समाजसेवी सुमित शुक्ला छोट्टू मिश्रा उर्फ राजकूमार मिश्रा पंकज प्रजापति राजू सोनी भास्कर यादव राजू यादव प्रकाश मुकेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

# समेकित जन कल्याण व जन जागरुकता अभियान का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बलहा, बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के संकल्प तथा अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व विधायक दिलीप कुमार वर्मा ब्लाक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष .पाराम वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रजवापुर अरविंद चौधरी नानपारा नगर भाजपा अध्यक्ष रेखा पांडे आनंद प्रकाश श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे सहित अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ बलहा विकासखंड के परिसर में मंगलवार को प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उद्यमियों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता की। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में जनकल्याण, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला एवं युवा उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सम्मेलन में उपस्थित उद्यमियों एवं अधिवक्ताओं ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, सुशासन की पहल तथा नागरिक सेवाओं में आए सकारात्मक बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की जनहितकारी नीतियों से देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिली है तथा आमजन के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। ब्लॉक प्रमुख विजय वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की



विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही उपस्थित प्रबुद्ध जनों से सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की गई। सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राहुल पांडे एडीओ आईएसबी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, बीओ पीआरडी अजय गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिवों में मिथलेश यादव, रविंद्र यादव, शाहिद अली, देवव्रत मिश्रा, आशीष शर्मा,सऊद इदरीशी,दीक्षा वर्मा, अनुराधा गौड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक फर्जी कार्य का भूमि पूजन कर जनता को गुमराह करना बंद करें : सौली

### - 12 करोड़ विकास कार्य पर खर्च 12 लाख का भी धरातल पर कार्य नहीं : शिवराज
### - सौंदर्यकरण के नाम पर चौराहे पर रखे मिले दो पुराने ड्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। चार प्रमुख चौराहों के लगभग 6 महीने पहले चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य के लिए नगर विधायक मनीष असीजा के नेतृत्व में हुए भूमि पूजन के बाद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली जिला उपाध्यक्ष रघुराज सविता यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष विनोद गौतम सुशील गुरु राघवेंद्र सिंह उमेश यादव भोला यादव ने ककरऊ की कोठी चौराहे व अन्य चौराहों का निरीक्षण कर धरातल पर हालात जाने। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि आम जनता के टैक्स के पैसे से विकास कार्यों के नाम पर मनमानी और भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसको उजागर करने के लिए समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतर रही है। उन्होंने कहा कि लगभग 12 करोड़ की लागत से ककरऊ कोठी चौराहा, असफाबाद चौराहा, कोटला बंबा



चौराहा, सीएल कॉलेज चौराहा के चौड़ीकरण और सौंदरीकरण के नाम पर खाना पूरी करके बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। लगभग 12 करोड़ के विकास कार्यों पर खर्च पर धरातल पर 12 लाख का भी कम दिखाई नहीं दे रहा है। इस अवसर पर समाजवादी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि आसफाबाद चौराहे का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा 2 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत से होना था। जिसका भूमि पूजन 14 नवंबर 2025 को नगर विधायक मनीष असीजा के नेतृत्व में हुआ कोटला बंबा चौराहे का 2 करोड़ 65 लाख रुपए में चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण का कार्य होना था जिसका भूमि पूजन 30 नवंबर 2025 को नगर विधायक मनीष असीजा ने किया। ककरऊ कोठी चौराहे का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यकरण 2 करोड़ 14 लाख 25 हजार रुपए में होना था जिसका भूमि पूजन 4 जनवरी को नगर विधायक मनीष असीजा ने किया। उन्होंने कहा कि भूमि पूजन के 6 महीने से ज्यादा बीत जाने के बाद भी धरातल पर जब चौराहों को देखें तो छोटा–मोटा काम करके केवल खाना पूरी कर दी गई। सौंदर्यकरण के नाम पर ककरऊ कोठी चौराहे पर दो ड्रम रख दिए गए अन्य चौराहों पर भी कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है। नगर विधायक और भारतीय जनता पार्टी केवल भूमि पूजन के नाम पर आम जनता को गुमराह कर रही है। जमीन पर कोई भी विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहा जो विकास कार्य हो रहे हैं उनकी या तो गुणवत्ता खराब है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चारों चौराहा के भूमि पूजन करने वाले नगर विधायक मनीष असीजा को जवाब देना चाहिए कि 6 महीने पहले उनके द्वारा किए गए भूमि पूजन के बाद आज भी इन चौराहों की हालत वद से बत्तर क्यों है लापरवाही और भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन है अन्यथा उन्हें फर्जी विकास कार्य का भूमि पूजन कर जनता को गुमराह करना बंद कर देना चाहिए।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को अवैध



तमंचा के साथ गिरतार किया गया है।

गौरतलब हो कि थाना नरैनी पुलिस को 15/16 जून की रात्रि में गश्त एवं चेकिंग के दौरान ग्राम हड़हा में नहर पुलिया के पास आवश्यक बल का प्रयोग करते हुए गिरतार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुए है। बता दें कि गिरतार अभियुक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है और एक संगठित आपराधिक गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर लूटपाट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है जिसके विरुद्ध लूट, गैंगस्टर एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं में आपराधिक मामलें दर्ज हैं। अभियुक्त के कब्जे एक अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पकड़े गए अभियुक्त आजम खाँन पुत्र तैय्यब खाँन निवासी कबौली थाना नरैनी के विरुद्ध मु0अ0सं0– 145/26 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कल्बे अब्बास खांन का0 अजय यादव का0 सुनील कुमार शामिल रहे।

# दिनदहाड़े टप्पेबाजी : बैंक के बाहर खड़ी बाइक की डिग्गी से तीन लाख पार

### - लंच टाइम होने के कारण भाई-बहन लौट रहे थे घर
### - घात लगाए बैठे बदमाशों ने उड़ाया बैग, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। शहर के परमानंद चौक स्थित इंडियन बैंक में भाई बहन पैसा जमा करने गए थे। उन्होंने पांच लाख रुपये जमा कर दिए, लेकिन दूसरे खाते में तीन लाख रुपये जमा करने गए तो लंच टाइम होने के कारण वह बाहर आकर इंतजार करने लगे, तभी गाड़ी की डिग्गी में तीन लाख रुपये सहित बैग गायब हो गए। घर पहुंचने पर बैग से पैसा गायब होने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरतार किए जाने आश्वासन दिया है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। अच्छन कुरैशी ने बताया कि वह अपनी बहन अफसरजहां के साथ इंडियन बैंक के दो खातों में आठ लाख रुपये जमा करने गया था। जिसमें से बैंक खातें में पांच लाख रुपये जमा कर दिए और दूसरा बाउचर जमा करने लिए भरने लगा तभी बैंक में लंच का समय हो गया। रुपये जमा न हो पाने के कारण दोनो लोग बैंक से बाहर निकल आए और तीन लाख रुपये से भरा बैग बाइक की डिग्गी में रखा समय लगने के कारण वापस घर के लिए रवाना हो गए। घर पहुंचने पर जब उन्होंने डिग्गी खोली, तो बैग सहित तीन लाख रुपये गायब मिले, जिससे उनके होश उड़ गए। दोनो भाई बहन ने तत्काल बैंक पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बैंक के आसपास के दुकानदारों और खड़े लोगों से जानकारी की साथ ही बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज को गंगाले में जुट गई। पीड़ित ने बताया कि उसने रास्ते में कहीं भी बाइक नहीं रोकी थी। उसे आशंका है



कि बैंक के बाहर पहले से घात लगाए बैठे टप्पेबाजों ने मौका पाकर बाइक की डिग्गी से रुपये से भरा बैग निकाल लिया। पीड़ित का मानना है कि यह घटना बेहद सुनियोजित प्रतीत होती है और संभव है कि बदमाश बैंक से ही उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। दिनदहाड़े हुई इस घटना से भाईबहन सदमे में हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर गिरतार करने और उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की मांग की है।

# तीसरी आंख का पहरा, सीएमएस डॉ. शुक्ला का कड़ा रुख

### – लापरवाही पर डॉक्टरों की खैर नहीं

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शुक्ला ने अस्पताल परिसर में व्यापक स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। अब अस्पताल के विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी और प्रमुख स्थानों पर कैमरों के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यशैली पर भी लगातार निगरानी रखी जाएगी। डॉ. शुक्ला का कहना है कि तकनीक के माध्यम से अस्पताल की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने और



मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए हैं। मरीजों एवं उनके तीमारदारों को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं और आवश्यक जानकारियों से अवगत कराने के लिए अस्पताल के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर में एलईडी टीवी स्क्रीन भी लगाई गई हैं। इन स्क्रीन पर स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े संदेश और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रसारण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि मरीज अमीर हो या गरीब, सभी के साथ समान और सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। यदि कोई चिकित्सक या कर्मचारी ड्यूटी में लापरवाही करता पाया गया तो सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रचार–प्रसार से दूर रहने वाले डॉ. शुक्ला ने इस संबंध में अधिक टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन अस्पताल में दिखाई दे रहे व्यवस्थागत बदलाव उनकी कार्यशैली और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शा रहे हैं।

# जीएनएम प्रवेश परीक्षा संपन्न, 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जीएनएम (जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी) प्रवेश परीक्षा मंगलवार को चित्रकूट धाम मंडल के जनपद मुख्यालय स्थित आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर कुल 349 अभ्यर्थी पंजी.त थे, जिनमें से 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि शेष अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी कैमरों, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी तथा बायोमेट्रिक स्कैनिंग की कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन में केंद्राध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे के नेतृत्व में विद्यालय की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं वीडियो निगरानी की जिम्मेदारी संभाल रही सुनील सक्सेना और अनकी टीम ने भी परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया। कड़े सुरक्षा प्रबंधों और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के बीच जीएनएम प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# कबड्डी समर कैंप सीजन-7 का हुआ भव्य समापन

### - खिलाड़ियों में दिखा उत्साह और जुनून

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कबड्डी समर कैंप सीजन–7 का समापन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। कैंप के आखिरी दिन खिलाड़ियों में गजब का जोश और जुनून देखने को मिला। खिलाड़ियों ने कहा कि इन 15 दिनों में उन्हें कबड्डी के नए–नए कौशल सीखने के साथ–साथ अनुशासन, समय की महत्ता, नियमित खानपान, बड़ों का सम्मान और सीनियर खिलाड़ियों का आदर करने जैसी महत्वपूर्ण सीख भी मिली। खिलाड़ियों ने मुस्कुराते हुए कहा कि आठवां सीजन इतनी जल्दी आ जाए कि हम फिर से कैंप का हिस्सा बन सकें। समापन दिवस पर खिलाड़ियों को मनोरंजन और



सीख के साथ मैत्री कबड्डी मुकाबले खेलने का अवसर भी मिला। प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों मिनी, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित की गईं। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम न्यायिक माया शंकर, एसडीएम इरफान उल्लाह खान, एमिटी स्कूल के संचालक विप्रांश यादव, लेखपाल कैलाश चंद्र, डीके सिंह, एसआई राजेंद्र वर्मा, महेश जी तथा राजेंद्र जी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कैंप को सफल बनाने में चंद्रमौली भारद्वाज, शादी जमा साहब, अरुणेश सिंह, धर्मेंद्र त्रिपाठी, कैलाश चंद्र लेखपाल, सुनील सक्सेना, अंकित कुशवाहा, नारायण सिंह, क्षितिज त्रिपाठी और विप्रांश यादव का विशेष योगदान रहा। अंत में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल सिंह यादव ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कबड्डी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने किया।

# दुर्गम काज जगत के जेते। सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते।।

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जनपद मुख्यालय स्थित पीपल चौराहा के निकट कांग्रेस भवन के सम्मुख जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित सप्तम ज्येष्ठ मंगलवार पर भव्य प्रसाद वितरण समारोह में दर्जनों अतिथियों ने चिरंजीवी हनुमंतलाल जी की पूजा–अर्चना व आरती में सामूहिक प्रतिभाग कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पण्डित पुण्डरीक पाण्डेय, विनय सिंह, अतुल त्रिपाठी, डॉ राजेश तिवारी, आदर्श शुक्ल, त्रिलोकी नाथ, भावेश पाठक, शरीफ बाबू, शाहिद जमील, नदीम अहमद, तारिक बेग, डॉ एएम सिद्दीकी, दिलीप मिश्र, संगम मिश्र, मोहित मिश्र, डॉ हलीम अहमद, हमजा शफीक, स्वदेश सिंह, रवीन्द्र स्वरूप समेत सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# साइंस घर में सुहानी ने भूकम्प अलार्म मॉडल किया प्रस्तुत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 16 वें दिवस पर कक्षा 12 की छात्रा कु सुहानी दुबे ने अपने भूकम्प अलार्म मॉडल के प्रस्तुतिकरण में बताया कि भूकंप अलार्म मॉडल एक सरल और उपयोगी साइंस प्रोजेक्ट है जो कंपन का पता लगाकर तुरंत चेतावनी बजर और एलईडी के माध्यम से देता है। इसे कार्डबोर्ड, बैटरी, बजर, और धातु के तारों का उपयोग करके आसानी से बनाया जा सकता है। यह मॉडल भूकंप के आने का सटीक अनुमान नहीं लगाता, बल्कि झटकों के शुरू होते ही अलार्म बजा देता है। यह मॉडल गति का पता लगाने के सिद्धांत पर काम करता है। एक धातु की सुई या पिन को धागे से स्वतंत्र रूप से लटका दिया जाता है, जिसके नीचे एक नट या भारी धातु बंधी होती है।जब कोई कंपन जैसे भूकंप के झटके होता है, तो लटकती हुई धातु आसपास की धातु की सतह या रिंग से टकरा जाती है। यह संपर्क एक बंद सर्किट बनाता है, जिससे बैटरी से जुड़े बजर की आवाज बजने लगती है और एलईडी जल उठती है। अश्वनी कुमार जैन ने कु सुहानी दुबे के भूकम्प अलार्म मॉडल के रचनात्मक एवं कलात्मक मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत दो गाय खरीदने पर मिलेगा योजना का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ–संवर्धन योजना के तहत पशुपालकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों के पालन को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र पशुपालकों को दो स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय खरीदकर डेयरी यूनिट स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक लाभार्थी 11 जून से 17 जुलाई तक नन्द बाबा दुग्ध मिशन के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का निवासी होना, आयु 18 वर्ष से अधिक होना तथा पशुओं के पालन के लिए पर्याप्त स्थान या शेड उपलब्ध होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक के पास पहले से दो से अधिक स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायें (गिर, साहीवाल, हरियाणा, थारपारकर अथवा संकर प्रजाति) नहीं होनी चाहिए। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक अथवा कैंसिल चेक, परिवार पहचान पत्र या राशन कार्ड तथा नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करना होगा। शपथ पत्र में यह प्रमाणित करना होगा कि आवेदक के पास दो से अधिक स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायें नहीं हैं तथा पशुपालन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि इच्छुक पशुपालक अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए अपने निकटतम पशु चिकित्सालय अथवा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# साइबर सुरक्षा चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना चकरनगर की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम राजपुर में महिला साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा और त्वरित शिकायत प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा। चौपाल के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया



गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया अकाउंट, केवाईसी अपडेट, नौकरी, लोन, निवेश तथा पुरस्कार के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। पुलिस टीम ने सभी को सलाह दी कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, एटीएम कार्ड, सीवीवी अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। कार्यक्रम में सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने पर भी विशेष जोर दिया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को फोटो, वीडियो और निजी जानकारी साझा करते समय सतर्क रहने, फर्जी प्रोफाइल, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न एवं डिजिटल ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाओं की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने बताया कि यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी हो जाए तो बिना समय गंवाए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई कर आर्थिक नुकसान को रोका जा सके। इस अवसर पर पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवाएं 102 एवं 108 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। साथ ही जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, जागरूक और साइबर सशक्त बनाने के उद्देश्य से ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

# भिटौरा के जन कल्याण शिविर में लाभार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

## - भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बच्चों का कराया अन्नप्राशन

## - गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर वितरित किया पोषाहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खंड भिटौरा



परिसर में मंगलवार को आयोजित जन कल्याण शिविर एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और लाभार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर उन्हें पोषाहार की पोटली भेंट की। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अपने संबोधन में अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों में जनहितकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया। इस अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में कुलदीप भदौरिया, रामप्रकाश गुप्ता, जितेंद्र सिंह सेंगर, खंड विकास अधिकारी भिटौरा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर थाना दक्षिण में हुई पीस कमेटी की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। नगर पुलिस अधीक्षक रविशंकर प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे, सीओ सिटी संतोष कुमार सिंह, थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह ने बैठक में आए सभी शिया सुन्नी ताजियादार, अलमदार पार्षद गण सभी जिम्मेदार नागरिकों को मोहर्रम में सरकारी गाइडलाइन के तहत परंपरागत तरीके से इस गम के महीने को मनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सभी अधिकारी गण पैदल गश्त करते हुए मोहल्ला कोटला शिया इमामबाड़ा पहुंचे। उसके बाद मुस्ताक बिल्डिंग नई बस्ती होते हुए फिरोजाबाद की एकमात्र प्राचीन शहीदाने कर्बला में पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ में करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान, दक्षिणी मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इकबाल वारसी, शिया समुदाय के अध्यक्ष मंसूर रिजवी (मंची), शहजादुद्दीन बबलू मियां आदि मौजूद रहे।

# बड़े मंगल पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

## - श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को शहर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आवास विकास पेट्रोल पंप के निकट स्थित बटरलाई रेस्टोरेंट एंड पार्टी हॉल में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा बजरंगबली के जयकारों के साथ धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान जी के पूजन–अर्चन एवं आरती के साथ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों सहित सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा–अर्चना कर परिवार की सुख–समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित इस भंडारे में सेवा भाव की विशेष झलक देखने को मिली। आयोजन आर्यन सिंह चौहान व अभय सिंह गौतम अपने अन्य साथियों पूरे समय श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने, बैठने की व्यवस्था कराने तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में जुटे रहे। अभय सिंह ने बताया कि बड़े मंगल का पर्व भगवान हनुमान जी की भक्ति और सेवा भावना का प्रतीक माना जाता है। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष भंडारे का आयोजन करने की कोशिस करते है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुण्य कार्य में सहभागी बन सकें। इस मौके पर अभिषेक सिंह चौहान, मोहित सिंह चौहान, प्रशांत सिंह गौतम, हरिओम भदौरिया, आयुष सिंह, नितेश द्विवेदी मौजूद रहे।

# शुगर मिल के अधिकारियों ने नूरपुर जोन के गांवों का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं क्वालिटी कंट्रोल विभागाध्यक्ष सतवीर सिंह ने नूरपुर जोन के ग्राम खजूरी, कीकर शाह तथा पोटा आदि गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने प्लॉट संख्या 0118 एवं 0238 में रेड रॉट प्रभावित खेतों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एरिया मैनेजर आजेंद्र सिंह, जोनल ऑफिसर विजय पाल सिंह तथा फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निर्देश देते हुए कहा कि रेड रॉट रोग की निरंतर स्कैनिंग की जानी चाहिए। रेड रॉट से प्रभावित गन्ने के पौधों को उखाड़ने के बाद उन्हें जला दिया जाए। साथ ही खेतों में ब्लीचिंग पाउडर एवं ट्राइकोडर्मा का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि रोग के प्रसार को रोका जा सके। भ्रमण के दौरान गन्ना सर्वे एवं पेड़ी सत्यापन कार्य का भी निरीक्षण किया गया, जो संतोषजनक एवं सही पाया गया। अधिकारियों ने फील्ड स्टाफ को किसानों के साथ सतत संपर्क बनाए रखते हुए रोग नियंत्रण एवं फसल प्रबंधन संबंधी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।



# फीस वृद्धि के खिलाफ छात्रों के आंदोलन को मिला सपा समर्थित अंबेडकर वाहिनी का साथ, भाजपा सरकार पर बोला हमला

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि और कथित प्रशासनिक अनियमितताओं के विरोध में पिछले 15 दिनों से चल रहे छात्र आंदोलन ने अब राजनीतिक रंग पकड़ लिया है।




समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने समर्थकों के साथ धरनास्थल पहुंचकर निष्कासित छात्रों के समर्थन में आवाज उठाई और विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ–साथ भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। धरने का नेतृत्व कर रहे छात्र प्रेम प्रकाश यादव, शशि प्रकाश प्रिंस और हर्षित शुक्ला को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निष्कासित किए जाने और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए भारती ने इसे छात्र आवाज को दबाने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों को संवाद के बजाय दंडित किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। मिठाई लाल भारती ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में छात्र, युवा, किसान, मजदूर और व्यापारी सभी वर्ग उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने का काम कर रही है। अंबेडकर वाहिनी ने चेतावनी दी कि यदि निष्कासित छात्रों की बहाली नहीं हुई और उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी बनाया जाएगा। यह जानकारी सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव रामबाबू भारती सुदर्शन दी। धरने में अवनीश यादव, प्रिंस कुमार, सत्येंद्र कुमार पानू समेत बड़ी संख्या में छात्र नेता और सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेदांता लखनऊ में 400वां किडनी ट्रांसप्लांट सफल, मरीज को मिली नई जिंदगी

लखनऊ किडनी की गंभीर बीमारी से परेशान एक मरीज जब मेदांता लखनऊ पहुंचा, तब उसकी सेहत लगातार बिगड़ रही थी। मरीज लंबे समय से इलाज करा रहा था और नियमित डायलिसिस पर निर्भर था। बीमारी की वजह से उसका सामान्य जीवन भी प्रभावित हो रहा था। मेदांता के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीज की पूरी जांच की और पाया कि उसके लिए किडनी ट्रांसप्लांट सबसे बेहतर विकल्प है। परिवार की सहमति और सभी जरूरी प्रक्रियाओं के बाद मरीज का सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। खास बात यह रही कि यह मेदांता लखनऊ का 400वां किडनी ट्रांसप्लांट था, जिसने अस्पताल के ट्रांसप्लांट कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को जोड़ा। 25 जून 2020 को शुरू हुए मेदांता लखनऊ के किडनी ट्रांसप्लांट कार्यक्रम ने आज सैकड़ों मरीजों को नया जीवन देने का काम किया है। कोविड–19 महामारी जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच शुरू हुए इस कार्यक्रम ने लगातार प्रगति की और जून 2026 तक 419 सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे कर लिए। अस्पताल में 57 इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए गए हैं। इसके अलावा बच्चों में किडनी ट्रांसप्लांट, रोबोटिक तकनीक की मदद से किए गए ट्रांसप्लांट और कई हाई रिस्क मामलों में भी अच्छे नतीजे मिले हैं। अस्पताल ने 9 वर्ष की आयु के बच्चे से लेकर 65 वर्ष तक के मरीजों का सफल ट्रांसप्लांट




किया है। वहीं 76 वर्ष तक की आयु के अंगदाताओं ने भी अपने प्रियजनों को नया जीवन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मेदांता लखनऊ में अब तक सबसे अधिक अंगदान परिवार के सदस्यों ने किया है। 139 पत्नियों, 130 माताओं और दादी, 42 बहन और भाभी सहित बड़ी संख्या में परिजनों ने अपने प्रियजनों के लिए किडनी दान की है। इसके अलावा परिवार के अन्य सदस्य पिता, भाई, बेटियां और पति भी अंगदाता बने हैं। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा क्षेत्र की सफलता है, बल्कि परिवारों के प्रेम, त्याग और भरोसे की भी कहानी है। डॉ. राकेश कपूर, मेडिकल डायरेक्टर एवं डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी ने कहा, ष400वां किडनी ट्रांसप्लांट हमारे लिए केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के भरोसे का प्रतीक है। हर सफल ट्रांसप्लांट किसी व्यक्ति को नया जीवन और उसके परिवार को नई उम्मीद देता है। हमारी टीम का लक्ष्य हमेशा सुरक्षित और बेहतर इलाज देना रहा है। हमें खुशी है कि हम मुश्किल मामलों में भी लगातार अच्छे नतीजे दे पा रहे हैं। डॉ. राज कुमार शर्मा, डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी ने कहा, षकिडनी फेल होने वाले कई मरीज लंबे समय तक डायलिसिस पर निर्भर रहते हैं। सही समय पर किया गया किडनी ट्रांसप्लांट उन्हें बेहतर और सामान्य जीवन जीने का मौका देता है। 400 से अधिक सफल ट्रांसप्लांट इस बात का प्रमाण हैं कि अनुभवी टीम, एडवांस्ड तकनीक और मरीजों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ अच्छे नतीजे हासिल किए जा सकते हैं। हम लोगों से अंगदान के प्रति जागरूक होने की भी अपील करते हैं।ष इस कार्यक्रम की सफलता में डॉ. अनीश श्रीवास्तव, डायरेक्टर यूरोलॉजी रोबोटिक्स एंड किडनी ट्रांसप्लांट, डॉ. धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी, डॉ. मनमीत सिंह, डायरेक्टर – यूरोलॉजी रोबोटिक्स एंड किडनी ट्रांसप्लांट, डॉ. रोहित कपूर, सीनियर कंसल्टेंट – यूरोलॉजी, रोबोटिक्स एवं किडनी ट्रांसप्लांट, डॉ. इमरान अहमद खान, सीनियर कंसल्टेंट – यूरोलॉजी, रोबोटिक्स एवं किडनी ट्रांसप्लांट, डॉ. मनीष खट्टर, कंसल्टेंट – यूरोलॉजी, रोबोटिक्स एवं किडनी ट्रांसप्लांट तथा डॉ. नवनीत सौरव, एसोसिएट कंसल्टेंट – यूरोलॉजी, रोबोटिक्स एवं किडनी ट्रांसप्लांट सहित नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, एनेस्थीसिया, डायलिसिस, नर्सिंग, रेडियोलॉजी और लैब की टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मेदांता लखनऊ का किडनी ट्रांसप्लांट प्रोग्राम लगातार आगे बढ़ रहा है। अस्पताल का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद मरीजों तक आधुनिक ट्रांसप्लांट सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि उन्हें स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का मौका मिल सके।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं काम की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आगरा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद — जी.टी. रोड, फतेहपुर — MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलीक अहमद जाफरी — सम्पादक कारवाने हक — 9415065213
एफ.ए.जाफरी — D.R. (Opt.) — 7379440876

# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ रोड चौफेरवा गांव के समीप तेज रतार ट्रक साइकिल सवार किशोर को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर उसका इलाज कर रहे थे तभी प्राइवेट एम्बुलेन्स चालक उसको शहर के किसी प्राइवेट अस्पताल इलाज कराने लेकर चले गए।

जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी अली का 14 वर्षीय पुत्र तौफीक साइकिल पर सवार हो कर घर से किसी काम शहर आ रहा था। जब वह सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ रोड पर स्थित चौफेरवा गाँव के समीप पहुंचा तभी तेज रतार ट्रक उसकी साइकिल को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे साइकिल सवार किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। फोन कर पटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# युवक कुएं में गिरकर युवक घायल, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सैदपुरा गांव में कुएँ की जगत पर लगी काई पर पैर फिसलने से युवक कुएं में गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी परिजनों को हुई तो कुएँ से बाहर निकाल कर घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बासू का पुरवा गांव निवासी मंगर का 30 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र थाना क्षेत्र सैदपूरा गांव अपनी बहन के घर गया था। वहां घर के समीप स्थित कुएँ की जगत पर चढ़कर टहलने लगा। तभी जगत लगी काई पर उसका पैर पड़ा और वह फिसल कर कुएं में जा गिरा। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो ग्रामीणों की मदद से उसको कुएँ से बाहर निकाल कर इलाज के लिए हथगांम सीएचसी पहुंचाया। जहाँ डॉक्टर घायल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# डंपर व ट्रैक्टर की भिड़ंत में चालक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र और बांदा जनपद के बॉर्डर पर डंपर और ट्रैक्टर की भिड़न्त हो गई। जिसमें डम्पर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के पैइंसा थाना क्षेत्र के बाले का पुरवा गांव निवासी स्वर्गीय मिश्री लाल का 25 वर्षीय पुत्र राम सागर जो डम्पर चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह डम्पर लेकर मोरंग खदान से मोरंग लोड करने गया था। तभी ललौली थाना क्षेत्र के दादों पूल के समीप बांदा जनपद के बॉडर पर ट्रैक्टर से डम्पर की भिड़ंत हो गई। जिसमें डम्पर चालक राम सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए बहुआ सीएचसी पहुंचवाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देखते हुए सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्तर पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# प्रयागराज में 19 जून को लगेगा मंडलीय वृहद रोजगार मेला

## - 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां देंगी नौकरी के अवसर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आगामी 19 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी (प्रयागराज) में मंडलीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

रोजगार मेले में प्रयागराज मंडल के सभी जनपदों से आईटीआई उत्तीर्ण एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में देश एवं प्रदेश की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां और संस्थान प्रतिभाग करेंगे तथा योग्य युवाओं का चयन कर उन्हें रोजगार प्रदान करेंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि जनपद फतेहपुर के अधिक से अधिक आईटीआई पास एवं कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित युवा इस रोजगार मेले में प्रतिभाग कर अपने लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकते हैं। यह मेला युवाओं को निजी क्षेत्र की नामी कंपनियों से सीधे जुड़ने और अपने करियर को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। रोजगार मेले में एल एंड टी फाइनेंस, लिपकार्ट, बारबेक्यू, स्वीगी, वर्धमान, जेप्टो, एलआईसी, वी श्योर प्राइवेट लिमिटेड (गुजरात), हैवेल्स, ब्लिंकिट, लावा, टीवीएस मोटर्स, एमआरएफ टायर्स सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न करेंगी। उन्होंने सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे रोजगार मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं तथा अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाएं।

# अब हर दिन भाजपा कार्यालय में होगी जनसुनवाई

## - कार्यकर्ताओं व आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेल रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रतिदिन जनसुनवाई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सप्ताह के प्रत्येक दिन निर्धारित पदाधिकारी कार्यालय में मौजूद रहकर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनके निस्तारण के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन सेवा, समर्पण और जनसंपर्क की भावना को मजबूत करने के लिए यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा जनता और कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी रही है तथा उनकी समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी उद्देश्य से सप्ताह के सभी दिनों के लिए



जिला पदाधिकारियों को दिवस प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव स्वयं प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनेंगे। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, कार्यालय प्रभारी ओम मिश्रा तथा नीरज गुप्ता भी मौजूद रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि मंगलवार को अपर्णा सिंह गौतम, मधुराज विष्वकर्मा, ओमप्रकाश पाल एवं गौरव शुक्ला दिवस प्रभारी रहेंगे। बुधवार को पंकज त्रिवेदी, रेखा पासवान, धर्मेंद्र सिंह, विवेक श्रीवास्तव धीरू तथा शिवाकांत तिवारी जनसुनवाई करेंगे। गुरुवार को सुशीला मौर्य, कुलदीप भदौरिया, विमलेश पांडेय और प्रसून तिवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार शुक्रवार को पुष्पराज पटेल, अरिमर्दन सिंह, उमेश गुप्ता, सुमित द्विवेदी एवं शरद श्रीवास्तव, शनिवार को उदय लोधी, पंकज त्रिपाठी, राजबहादुर पासवान एवं सुधीर मिश्रा तथा रविवार को नीरज सिंह, संतोष गुप्ता (नेता), सुनीता गुप्ता और अखिलेश कुमार दिवस प्रभारी के रूप में उपस्थित रहेंगे। भाजपा संगठन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे पार्टी पदाधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके समाधान की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं सुगम बन सकेगी। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने की अपील की है।

# सौरभ मिश्रा कांड : आरोपी पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के हरिहरगंज स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने हुई मारपीट के बाद युवक सौरभ मिश्रा उर्फ राजा



की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैर इरादतन हत्या के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरतार कर लिया है। गिरतार आरोपियों में पिता और उसके दो पुत्र शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हरिहरगंज निवासी संत कुमार मिश्रा ने 14 जून को कोतवाली सदर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 11 जून की रात करीब 10 बजे उनके पुत्र सौरभ मिश्रा उर्फ राजा के साथ ननकू गुप्ता, रोशन गुप्ता और भिक्खू गुप्ता ने मारपीट की थी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा संख्या 251 / 2026 धारा 105 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर धारा 3(5) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को नामजद वांछित अभियुक्तों को गिरतार कर लिया। गिरतार किए गए आरोपियों में रोशन गुप्ता उर्फ आशीष कुमार, आनंद किशोर गुप्ता उर्फ भिक्खू तथा श्यामकिशोर गुप्ता उर्फ ननकू गुप्ता निवासी रेल बाजार, हरिहरगंज शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 11 जून की रात रोशन गुप्ता और सौरभ मिश्रा उर्फ राजा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी और विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर श्यामकिशोर गुप्ता और आनंद किशोर गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि श्यामकिशोर गुप्ता के उकसाने पर तीनों ने सौरभ के साथ मारपीट की, जिससे वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। आरोपियों ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन सफल न होने पर उसे वहीं छोड़कर चले गए। आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि मारपीट की घटना उनके द्वारा की गई थी, हालांकि उनका उद्देश्य सौरभ मिश्रा की हत्या करना नहीं था। इसी आधार पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के अभियोग में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरतार कर न्यायालय भेज दिया। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक योगेन्द्र नाथ यादव, कांस्टेबल मंगल सिंह एवं रेडियो कांस्टेबल दीपक प्रजापति शामिल रहे।

# नाजुक दौर से गुजर रहा देश, विदेश नीति विदेश के हवाले : विशंभर

## - घोटालेबाजों को मंत्री व मुख्यमंत्री बनाया, जनता का भविष्य चौपट

(प्रेमलाल साहू, न्यूज वाणी ब्यूरो)

फतेहपुर। राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य रहते एक नहीं दो बार उत्.ष्ट सांसद सम्मान से सम्मानित किए गए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विशंभर निषाद देश की मौजूदा हालात और विदेश नीति को लेकर काफी चिंतित हैं। उनका मानना है कि देश नाजुक दौर से गुजर रहा है। देश की विदेश नीति विदेश के हवाले कर दिया गया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार विदेश नीति विदेश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कहने पर कर रही है। शहर के देवीगंज स्थित अपनी ससुराल में एक वैवाहिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री निषाद ने देश की मौजूदा स्थितियों, विदेश नीति, महंगाई, भ्रष्टाचार और आरक्षण पर संवाददाता से खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पास विदेश नीति के नाम पर कुछ भी नहीं रह गया है। देश के प्रधानमंत्री अपने कुछ दोस्तो को बचाने के लिए अमेरिकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति अपने देश में लागू कर रहे हैं। इस बात को लगभग हर देशवासी जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसको बचाने के लिए अमेरिका के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विदेश से पूछ कर विदेश नीति करने के कारण ही आज हमारे पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, तिब्बत भूटान और बर्मा से संबंध खराब हो चुके हैं। पड़ोसियों से रिश्ते खराब होने का असर भी हमारे देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। निषाद ने कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार ने लोकतंत्र को समाप्त करके राजतंत्र लागू कर दिया है और राजतंत्र के हिसाब से ही देश का संचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार संविधान से हटकर जिस प्रकार से कार्य कर रही है उस देश और देशवासी संकट में फंस गए हैं। केंद्र सरकार पर रिजर्व बैंक का सोना बेचने और विश्व बैंक में गिरवी रखना का आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव निषाद ने कहा कि यह एक ऐसा दूर है जिसे भविष्य में आने वाली अन्य सरकारों को संभालना बहुत मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि चोरी पर उतारू यह सरकार सीना जोड़ी कर रही है। भ्रष्टाचार के मामले में इसका कोई जोड़ नहीं है। करोड़ अरबों के कई घोटाले बाजों को सजा देने के बजाय मंत्री और मुख्यमंत्री बना दिया गया। पूर्व मंत्री ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह भाजपा और उसकी सरकारों से सतर्क रहे क्योंकि उनका भविष्य चौपट हो रहा है। आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए सपा राष्ट्रीय महासचिव कहते हैं कि लगभग एक तरीके से अनेकों जतन अपना कर आरक्षण को निष्क्रिय और आसार हैं कर दिया गया। संविधान में दिए गए आरक्षण व्यवस्था को दरकिनार का उसमें सामान्य वर्ग के लोगों को जबरन घुसेड़ा जा रहा है। इसे एक चिंतनीय विषय बताते हुए निषाद ने कहा कि केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में पिछड़ों, दलित और आदिवासियों का हक और अधिकार छीना जा रहा है। उन्होंने इसका सबूत देते हुए कहा कि उनके गृह जनपद बांदा में एक संस्थान में एक ही जाति विशेष के लोगों को नौकरियां दी गई। भ्रष्टाचार पर बोलते हुए कहा कि निचले ही नहीं ऊपर तक फरियादियों की कोई सुनने वाला नहीं। चौकी थाना से लेकर आगे तक भ्रष्टाचार का जो बोलबाला है उससे आम पीड़ित जनता कराह उठी है। उन्होंने सबूत के तौर पर बताया कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के कार्यालयों फरियादियों की उमड़ने वाली भीड़ को देखा जा सकता है। जनता अपनी समस्याओं को लेकर दर–दर भटक रही है और उनकी कोई सुनने वाला नहीं रह गया। समस्या का समाधान करने के लिए भी समस्या ग्रस्त लोगों से धन की वसूली सीधे तौर पर बिना डर दहशत के की जा रही है। उन्होंने कहा की पढ़ाई, लिखाई और दवाई को कमजोर कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे विशंभर प्रसाद निषाद ने कहा कि आज अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें किसी



का भाई नहीं रहा। अपराध बढ़ने के कारणों को बताते हुए उन्होंने कहा इसके पीछे जाति देखकर कार्यवाही करना है। एक जाति के बड़े अपराधी और माफिया खुलेआम छुट्टा टहल रहे हैं। निषाद ने कहा कि जिन अपराधियों को जेल के पीछे होना चाहिए वह आज शासन और प्रशासन में भागीदारी निभाकर प्रशासनिक कार्यों में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। सरकार बदलने पर पूरा हिसाब किताब लिया जाएगा। भाजपा और उसकी सरकार को हिसाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील चौराहे के समीप तेज रतार अज्ञात ट्रक बाइक सवार पिता–पुत्र को टक्कर मारते हुए निकल गया। ट्रक की टक्कर से बाइक पर सवार पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। घायल अवस्था में उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पुत्र को घर जाने की सलाह देते हुए पिता को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती गडरियन पुरवा गांव निवासी स्वर्गीय मंगली का 65 वर्षीय पुत्र रामनाथ पाल अपने 21 वर्षीय पुत्र जितेंद्र के साथ बाइक पर सवार होकर ललौली थाना क्षेत्र के सिधाव गांव गया था। वहां से वापस लौटते समय जब उसकी बाइक सदर कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील चौराहे के समीप पहुंची तभी तेज रतार अज्ञात ट्रक उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक पर सवार पिता पुत्र दोनों घायल हो गए। घटना की सुचना घायलो के परिजनों को हुई तो तुरन्त मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पुत्र जितेंद्र को घर जाने की सलाह देते हुए पिता रामनाथ को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं घायल के साथ अस्पताल में मौजूद उसकी पत्नी रामरति ने घटना की जानकारी दिया।

# लघुशंका को गए पुजारी को चार पहिया ने मारी टक्कर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के कलाना गांव के समीप लघुशंका के लिए जा रहे पुजारी को अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे पुजारी रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो घटना स्थल पर पहुंचकर उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कलाना गांव निवासी स्वर्गीय देवी चरण का 70 वर्षीय पुत्र रघुनाथ जो गांव में स्थित दुर्गा मंदिर में काफी समय से पुजारी है। बीती रात वह लघुशंका करने के लिए निकला तभी रोड से गुजरा तेज रतार अज्ञात चार पहिया वाहन उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। वाहन की टक्कर से पुजारी रघुनाथ रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर उसको इलाज के लिए बिन्दकी सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। वहीं घायल के साथ अस्पताल में मौजूद उसकी बहु रामकांती ने घटना की जानकारी दिया।

# यमुना स्नान के दौरान दो मासूम डूबे, एक का शव बरामद

## – दूसरे की तलाश जारी, परिजनों में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के बिंदौर घाट में मंगलवार सुबह यमुना नदी में नहाने गए दो मासूम तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए। स्थानीय गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद एक बालक का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश देर शाम तक जारी रही। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे योगेश निवासी जाफरगंज अपने भतीजे ऋषभ मिश्रा 11 पुत्र अभिषेक मिश्रा निवासी जाफरगंज तथा ऋषभ के मौसेरे भाई प्रतीक पांडेय 12 पुत्र प्रमोद पांडेय निवासी चांदपुर थाना चांदपुर के साथ बिंदौर घाट पर यमुना नदी में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों बच्चे अचानक तेज बहाव के कारण गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख योगेश ने शोर मचाया। चीख–पुकार सुनकर पास में पशु चरा रहे जयनारायण निषाद और देशराज निषाद निवासी बिंदौर मौके पर पहुंचे और नदी में खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद ऋषभ को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं प्रतीक पांडेय का देर शाम तक कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों के अनुसार प्रतीक के पिता प्रमोद पांडेय गाजियाबाद में रहते हैं। गर्मियों की छुट्टियों में वह गांव आया था और अपनी मौसी के घर जाफरगंज घूमने गया हुआ था। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे अपने–अपने माता–पिता की इकलौती संतान थे। घटना की सूचना मिलते ही जाफरगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसआई कमलेश कुमार ने स्थानीय स्टीमर चालकों और मछुआरों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलवाया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और खोजबीन में जुटी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक प्रतीक का पता नहीं चल सका। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है, जबकि पुलिस और स्थानीय गोताखोर यमुना नदी में लापता बालक की तलाश में जुटे हुए हैं।

# फांसी लगा युवती ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनुपर थाना क्षेत्र ग्राम नरैनी में सोमवार रात घरेलू कलह के चलते 20 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जनकारी के अनुसार नरैनी गांव निवासी राजेन्द्र पासवान की पत्नी निशा देवी ने सोमवार की रात घर अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों की नजर पडी तो कोहराम मच गया। सूचना पाकर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )